सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

R.N.I. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 2 अंक 12 अजमेर, मंगलवार 10 दिसम्बर 2024 मूल्य 5 रुपए पृष्ठ-4

# भारत ने जो विकास किया है वो हर क्षेत्र में आता है नजर- मोदी









जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज दुनिया का हर एक्सपर्ट हर इन्वेस्टर भारत को लेकर बहुत ही उत्साहित है और परफोर्म रिफोर्म एवं ट्रासफोर्म के मंत्र पर चलते हुए भारत ने जो विकास किया है वो हर क्षेत्र में नजर आता है। मोदी ने सोमवार को यहां राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन-2024 का उद्घाटन करने के बाद अपने उद्बोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद के सात दशक में भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी बन पाया था। उसके सामने पिछले 10 वर्ष में भारत दसवीं सबसे बड़ी इकोनामी से पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी बना है। बीते दस वर्षों में भारत ने अपनी इकोनॉमी का साइज़ करीब-करीब डबल किया है। गत दस वर्षों में भारत का एक्सपोर्ट भी करीब.-करीब डबल हो गया है। वर्ष 2014 से पहले के दशक की तुलना में बीते दशक में एफडीआई भी दोगुना से अधिक हुआ है। इस दौरान भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर का खर्च करीब दो ट्रिलियन रुपए से बढ़ाकर 11 ट्रिलियन तक पहुंचा दिया है।

उन्होंने कहा कि डेमोक्रेसी डेमोग्राफी डिजिटल डेटा और डिलिवरी की पावर क्या होती है यह भारत की सफलता से पता चलता है। भारत जैसे डायवर्स देश में डेमोक्रेसी इतनी फल-फूल रही है इतनी सशक्त हो रही है ये अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। डेमोक्रेटिक रहते हुए मानवता का कल्याण यह भारत की फिलॉसॉफी के कोर में है यह भारत का मूल चरित्र है। आज भारत की जनताए अपने डेमोक्रेटिक हक के माध्यम से भारत में स्टेबल गवर्नमेंट के लिए वोट दे रही है।

मोदी ने कहा कि भारत के इन पुरातन संस्कारों को हमारी डेमोग्राफी यानि युवाशक्ति आगे बढ़ा रही है। आने वाले अनेक सालों तक भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में रहने वाला है। भारत में युवाओं का सबसे बड़ा पूल होने के साथ ही सबसे बड़ा स्किल्ड युवा वर्ग भी होगा। इसके लिए सरकार एक के बाद एक कई फैसले ले रही है। बीते दशक में भारत की युवाशक्ति ने अपने सामर्थ्य में एक और आयाम जोड़ा है। ये नया आयाम है भारत की टेक पावर, भारत की डेटा पावर। आप सभी जानते हैं कि आज हर सेक्टर में टेक्नोलॉजी का डेटा का कितना महत्व है। ये सदी टेक ड्रिवन डेटा ड्रिवेन सदी है। बीते दशक में भारत में इंटरनेट यूजर्स की संख्या करीब चा गुना बढ़ी है।

डिजिटल ट्रांजेक्शन्स में तो नए रिकॉर्ड बन रहे हैंए और ये तो अभी शुरुआत है। भारत, दुनिया को डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी और डेटा की असली ताकत दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखाया है कि कैसे डिजिटल टेक्नोलॉजी का डेमोक्रेटाइजेशन, हर क्षेत्र, हर वर्ग को फायदा पहुंचा रहा है। भारत का यूपीआई, भारत का बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम सिस्टम, गवर्नमेंट ई.मार्केट प्लेस, आपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स ऐसे कितने ही प्लेटफॉर्म्स हैं जोडिजिटल इकोसिस्टम की ताकत को दिखाते हैं। इसका बहुत बड़ा लाभ और बहुत बड़ा प्रभाव हम यहां राजस्थान में भी देखने जा रहे हैं।

मोदी ने कहा कि भारत के समृद्ध फ्यूचर में हम टूरिज्म का बहुत बड़ा पोटेंशियल देख रहे हैं। भारत में नेचर, कल्चर, एडवेंचर, कॉन्फ्रेंस, डेस्टिनेशन वेडिंग और हैरिटेज टूरिज्म सबके लिए असीम संभावनाएं हैं। राजस्थान भारत के टूरिज्म मैप का प्रमुख केंद्र है। यहां इतिहास भी है धरोहरें भी हैं विशाल मरुभूमि और सुंदर झीलें भी हैं। यहां के गीत.संगीत और खान.पान उसके लिए तो जितना कहे उतना कम है।

टूर ट्रेवल और होस्पिटलिटी सेक्टर को जो चाहिए वो सब राजस्थान में है। राजस्थान दुनिया के उन चुनिंदा स्थानों में से एक है जहां लोग शादी-ब्याह जैसे जीवन के पलों को यादगार बनाने के लिए राजस्थान आना चाहते हैं। राजस्थान में वाइल्ड लाइफ टूरिज्म का भी बहुत अधिक स्कोप है। रणथंभौर हो सरिस्का हो मुकुंदरा हिल्स हो केवलादेव हो ऐसे अनेक स्थान हैं जो वाइल्ड लाइफको पसंद करने वालों के लिए स्वर्ग हैं। मुझे खुशी है कि राजस्थान सरकार अपने टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स हैरिटेज सेंटर्स को बेहतर कनेक्टिविटी से जोड़ रही है।

मोदी ने कहा कि भारत सरकार ने लगभग अलग-अलग थीम सर्किट्स से जुड़ी योजनाएं भी शुरू की हैं। 2004 से 2014 के बीच 10 साल में भारत में पांच करोड़ के आस-पास विदेशी टूरिस्ट आए थे जबकि 2014 से 2024 के बीच भारत में सात करोड़ से यादा विदेशी टूरिस्ट आए हैं और आप ध्यान दीजिएए इन 10 वर्षों में पूरी दुनिया के तीन.चार साल तो कोरोना से लड़ने में निकल गए थे।

कोरोना काल में टूरिज्म ठप पड़ा था। इसके बावजूद भारत में आने वाले टूरिस्ट्स की संख्या इतनी ज्यादा बढ़ी है। भारत ने अनेक देशों के टूरिस्ट्स को ई.वीजा की जो सुविधा दी है उससे विदेशी मेहमानों को बहुत मदद मिल रही है। भारत में आज डोमेस्टिक टूरिज्म भी नए रिकॉर्ड बना रहा है उड़ान योजना हो वंदे भारत ट्रेने हों, प्रसाद स्कीम हो इन सभी का लाभ राजस्थान को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत के वाइब्रेंट विलेज जैसे कार्यक्रमों से भी राजस्थान को बहुत फायदा हो रहा है। मैंने देशवासियों से वेड इन इंडिया का आह्वान किया है। इसका फायदा भी राजस्थान को होना तय है। राजस्थान में हेरिटेज टूरिज्म फिल्म टूरिज्म, इको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, बॉर्डर एरिया टूरिज्म इसे बढ़ाने की अथाह संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में आपका निवेशराजस्थान के टूरिज्म सेक्टर को ताकत देगा और आपका बिजनेस भी बढ़ाएगा।

## राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन-2024 का उद्घाटन

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित तीन दिवसीय राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन-2024 का सोमवार सुबह उद्घाटन किया। मोदी ने सीतापुरा क्षेत्र में स्थित जयपुर प्रदर्शनी और सम्मेलन केन्द्र ;जेईसीसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसमें कारीगरों और शिल्पकारों से बातचीत की। मोदी ने राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केंद्रीय मंत्रिमंडल और राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यए बड़ी संख्या में निवेशक, कारोबार और व्यापार जगत के अधिकारी, प्रतिनिधिमंडल और अन्य प्रतिभागी मौजूद थे।सम्मेलन की शुरूआत शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री का स्वागत किया और कहा कि राजस्थान के प्रति आपके स्नेह के लिए मैं राजस्थान के आठ करोड़ जनता की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। नौ से ग्यारह दिसंबर तक आयोजित इस सम्मेलन से पहले करीब 30 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों के लिए एमओयू किए जा चुके हैं।

## भाजपा विधायक राहुल नार्वेकर निर्विरोध महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष बने



मुंबई। भारतीय जनता पार्टी के विधायक राहुल नार्वेकर को सोमवार को निर्विरोध महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया क्योंकि विपक्षी महा विकास अघाड़ी ने इस पद के लिए नामांकन दाखिल करने से मना कर दिया था। नार्वेकर 14वीं विधानसभा में ढाई साल तक अध्यक्ष रहे थे और उन्होंने शिवसेना तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ;राकांपा से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले दिए। वह मुंबई की कोलाबा विधानसभा सीट से फिर से चुने गए।नार्वेकर ने उन्हें एक बार फिर मौका देने के लिए शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा एक अलग तरह की पार्टी है। जब किसी को कोई जिम्मेदारी सौंपी जाती है तो उसकी उम्र या अनुभव मायने नहीं रखता बल्कि उसकी योग्यता मायने रखती है। भाजपा ने लगातार युवाओं को बढ़ावा दिया है और मेरा चयन इस विश्वास की पुष्टि करता है। उन्होंने विपक्ष पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि अतीत में कई लोगों ने मेरी आलोचना की है। हालांकि आलोचना के अलावा उन्होंने और कुछ नहीं किया है। पार्टी विभाजन के मुद्दों पर मेरे निर्णयों में कोई भी खामी साबित करने में विपक्ष सफल नहीं हुआ है।

## भाजपा ने की रायसभा उपचुनावों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने आंध्र प्रदेश हरियाणा एवं ओडिशा में होने वाले राज्यसभा के उप-चुनावों के लिए अपने उम्मीदवार सोमवार को घोषित कर दिए।

पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने आंध्र प्रदेश, हरियाणा एवं ओडिशा में होने वाले राज्यसभा के उप.चुनावों में प्रत्याशी के रूप में आंध्र प्रदेश से रयागा कृष्णैया, हरियाणा से रेखा शर्मा और ओडिशा से सुजीत कुमार के नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

## संजय मल्होत्रा आरबीआई गवर्नर नियुक्त दास को नहीं मिला सेवा विस्तार



नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग के सचिव संजय मल्होत्रा को भारतीय रिजर्व बैंक ;आरबीआई का नया गवर्नर नियुक्त किया गया है। मल्होत्रा शक्तिकांत दास का स्थान लेंगे।मल्होत्रा की नियुक्ति के बाद अब साफहो गया है कि दास को अब सेवा विस्तार नहीं मिला है। राजस्थान कैडर के 1990 वर्ष के भारतीय प्रशासनिक सेवा ;आईएएस अधिकारी मल्होत्रा की नियुक्ति 11 दिसंबर 2024 से तीन वर्षों के लिए की गई है।

उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार 11वीं बार नीति गत दरों को यथावत बनाए रखा है जिसमें आम लोगों विशेषकर घरए कार और व्यक्तिगत ऋण लेने वालों को कोई राहत नहीं मिली है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणि’य और उद्योग संघों ने कई अवसरों पर ब्याज दरों में नरमी लाए जाने की आवश्यकता बता चुके हैं और इसको लेकर उद्योग संघों ने आरबीआई गवर्नर से अपील भी कर चुके हैं।

## सम्पादकीय

### दिल्ली सल्तनत पर बार-बार क्यों करते हैं किसान चढ़ाई?

अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा कीए हर दौर में यही सब कुछ देखने को मिलता है। कमोबेस सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी टिप्पणीकार के लिए बेईमानी सा होता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैंए उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं किस कदर पनपती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज क्या नौकरीपेशा सभी के पैर अपने जगह रूक गए दरअसलए अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर हालात दिल्ली.एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआए तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें। लेकिन उनकी बातों को हुकूमती स्तर पर एक बार भी अनसुना और अनदेखा किया गया।दिल्ली पहुंचने के लिए गौतमबुद्ध नगर से करीब 50000 से अधिक किसान सोमवार सुबह यानी दो तारीख को नोएडा महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्रित हुए फिर उन्होंने दिल्ली कूच का प्लान कियाए हालांकि तत्काल रूप से तो पुलिस ने उनकी योजना को विफल कर दिया है। लेकिन किसान बॉर्डर पर ही डटे हुए हैंए वह किसी भी सूरत में दिल्ली पहुंचना चाहते हैं। उनको लगता है संसद का शीत सत्र चालू है। पूरी हुकूमती मशीनरी इस समय एक साथ हैए उनकी बातें आसानी से पहुंच सकती है। परए ऐसा होता दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार इतनी आसानी से सबकुछ मान लेगी ऐसा भी दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए किसान भी काफी उग्र हैं। अपने साथ लंबे आंदोलन को करने के लिए तामझाम लेकर पहुंच हैं। राशनए टैक्टरए मोटरसाइकिल गैस सिलेंडर, तंबू आदि है उनके पास। किसानों ने दिल्ली मार्च का प्लान अचानक से ही बनाया। पहले की प्री.प्लान नहीं थी। क्योंकि किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण पर पिछले कुछ दिनों से धरनागत थे। उनकी प्रमुख मांगे हैं उन्हें ज़मीन के बदले 10 पर्सेंट निर्मित प्लॉट और 64 पर्सेंट बढ़ा हुआ जमीन का शेष मुआवज़ा दिया जाए। साथ ही जितने किसान जमीन छिन जाने से भूमिहीन हुए हैं उनके परिवार के बच्चों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कोई न कोई रोजगार जैसी वैकप्लिक व्यवस्थाएं की जाएं इसके अलावा एमएसपी गारंटी कानून लागू करें। फसलों की कीमतें डबर हों खाद, बीज व कीटनाशक दवाईयों के रेट कम किए जाएं जैसी पुरानी मांगे भी उनकी बरकरार हैं। इस वक्त मंड़ियों में धान की खरीद में जो घटतौली हो रही है उसे तुरंत रोका जाए। ये मांगे ऐसी जिसे शायद ही सरकारें मांगे। प्रतीत ऐसा होता है कि ये किसान मूवमेंट भी बडा रूप ले सकता है। अभी तक गनीमत ये समझी जाए इस मोर्चे में सिर्फ दर्जन भर ही किसान संगठन शामिल हुए हैं। हालांकि बाहर से करीब सौ से ज्यादा किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त है।

## रामपाल शर्मा अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के प्रधान निर्वाचित



पाली। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के चुनाव में शनिवार को छह समाज बंधुओं ने नामांकन भराए जिसमें से रविवार को पांच बंधुओं ने समाज की एकता के लिए रामपाल शर्मा के पक्ष में अपना नाम वापस ले लिया। रामपाल शर्मा निर्विरोध प्रधान निर्वाचित घोषित किए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण शर्मा ने बताया कि 7 दिसम्बर को बाबूलाल शर्मा जांगिड़ बेंगलूरु, सियाराम जांगिड़ हैदराबाद पुष्पा शर्मा जांगिड़ गुरुग्राम हरियाणा, संजय शर्मा हर्षवाल जयपुर रामपाल शर्मा बेंगलूरु और मदनलाल शर्मा नई दिल्ली ने प्रधान पद के लिए नामांकन भरा था। रामलाल शर्मा के अलावा सभी ने रविवार को अपना नाम वापस ले लिया।

मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण कुमार शर्मा चुनाव अधिकारी राधेश्याम मांडन, बसंत कुमार जांगिड, कैलाश शर्मा साली वाले ने रामपाल शर्मा को प्रधान निर्वाचित घोषित किया। रामपाल शर्मा के अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के निर्विरोध प्रधान निर्वाचित होने पर अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा जिला पाली शाखा अध्यक्ष ओमप्रकाश जांगिड, मंत्री चम्पा लाल लूंजा कोषाध्यक्ष विष्णु किंजा प्रचार मंत्री घेवरचन्द आर्य सहित समाज बंधुओं ने रामपाल शर्मा को बधाई प्रेषित की है।

## नाल में स्कूल बस पलटने से 3 छात्राओं की मौत, 15 घायल

राजसमंद। राजस्थान में राजसमंद जिले के चारभुजा थाना अंतर्गत देसूरी नाल में रविवार को एक स्कूली बस पलटने से तीन छात्राओं की मौत गई जबकि 15 अन्य घायल हो गए।पुलिस ने बताया कि आमेट के राछेटी पंचायत के माणकदेह राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थी रविवार को परसराम महादेव पिकनिक मनाने के लिए जा रहे थे। यह बस चारभुजा स्थित देसूरी नाल में एक मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे तीन बालिकाओं की मौत हो गई।घटना की सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंहए थानाधिकारी गोवर्धन सिंह एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घायल बच्चों को आमेट और चारभुजा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

# बीएसएफ ने सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को किया सशक्त -अमित शाह



बीएसफ का 60वां स्थापना दिवस समारोह

जोधपुर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के सुरक्षा परिदृश्य में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है और इसमें सीमा सुरक्षा बल के जवानों का अहम योगदान है और छह दशकों से साहस, शौर्य और बलिदान के बल पर ही बीएसफ ने देश की फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस को मज़बूत कर सीमा पर आने वाली सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को सशक्त किया है।शाह रविवार को जोधपुर में बीएसफके 60वें स्थापना दिवस समारोह परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और अपने संबोधन में यह बात कही। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और बीएसएफके महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।शाह ने कहा कि कहा कि एक दिसंबर 1965 से लेकर आज तक निरंतर देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमा को सुरक्षित रखने का बीएसएफका रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने कहा कि बीएसएफके 1992 जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है जिसके लिए देश की जनता सदैव उनकी णी रहेगी। उन्होंने कहा कि छह दशकों से सीमा सुरक्षा बल ने हमारी सुरक्षा को चाक.चौबंद रखा है। देश की बढ़ती सुरक्षा ज़रूरतों को बीएसएफके बिना पूरा करना असंभव है इसीलिए 25 बटालियन से शुरू हुआ ये बल आज 193 बटालियन तक पहुंच गया है। श्री शाह ने कहा कि 2 लाख 70 हज़ार जवानों की संख्या वाला ये विश्व का सबसे बड़ा सीमा रक्षक बल है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने 2024 में भी जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ने का अपना रिकॉर्ड अनेक अभियानों के माध्यम से बरकरार रखा है।उन्होंने कहा कि देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में 1992 सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और अब तक उनमें से 1330 जवानों को पदक दिए गए हैं। इनमें 1 महावीर चक्र, 6 कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना मैडल और 1241 पुलिस पदक शामिल हैं।

शाह ने कहा कि कई साल तक सीमा सुरक्षा की हमारी नीति धुंधली सी थी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में सीमा प्रबंधन पर इंटीग्रेटेड अप्रोच के साथ एक सीमा एक बल की नीति को नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद और ज़्यादा सुस्पष्ट किया गया है। मोदी के कार्यकाल में सीमावर्ती क्षेत्रों में मज़बूत इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माणए गांवों में कल्याणकारी योजनाओं का शत.प्रतिशत क्रियान्वयन और सीमा पर स्थित देश के प्रथम गांवों में रेल, रोड, वाटर.वे और तकनीक की दृष्टि से अच्छी कनेक्टिविटी स्थापित करने का काम किया गया है। शाह ने कहा कि लैंड पोर्ट के माध्यम से कानूनी व्यापार और लोगों के बीच संपर्क को भी आगे बढ़ाया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में जयपुर में सर्वसमाज का प्रदर्शन




जयपुर। बांग्लादेश में पिछले छह महीनों से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, लूटपाट और नरसंहार की घटनाओं के विरोध में सर्व हिंदू समाज ने जयपुर में प्रदर्शन किया। बांग्लादेश स्थित इस्कॉन मंदिर के संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से हिंदू समाज के आक्रोश को और बढ़ा दिया है।जयपुर के बड़ी चौपड़ पर आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओंए युवाओं और साधु.संतों ने भाग लिया। इस दौरान वक्ताओं ने हिंदू समाज से जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होने और अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। साधु.संतों ने मंच से कहा कि हमें विधर्मी समाज के झूठे भाईचारे से सावधान रहना होगा। यदि हम बंटे रहेंगे तो कमजोर हो जाएंगे लेकिन एकजुट रहकर ही हम सशक्त बन सकते हैं।प्रदर्शन के दौरान जय श्रीराम के नारे गूंजते रहे और उपस्थित लोगों ने हाथों में ष्हिंदू एकताष् के संदेश लिखी तख्तियां और भगवा ध्वज लहराए। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।आचार्य गिरधर स्वामी ने महात्मा गांधी की अहिंसा नीति की आलोचना करते हुए कहा कि नोआखली के नरसंहार से लेकर अब तक एक करोड़ हिंदुओं की हत्या हो चुकी है। यह गांधी की अहिंसा नीति का परिणाम है। आज बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो गया है और हम रामगंज मार्केट में भजन संध्या तक नहीं कर सकते। जब तक हम सरकारों पर निर्भर रहेंगेए अत्याचार बंद नहीं होंगे।मंच से बोलते हुए राजपूत सभा के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई ने कहा बांग्लादेश की सरकार को हिन्दूओं पर हो रहे अत्याचार का कड़ाई से रोकना चाहिए। अक्षय पात्र के रघुपति दास ने कहा दुनिया के लोग बांग्लादेश पर दबाव डालें जिससे बांग्लादेश में हिन्दू समाज की सुरक्षा हो सकें। महंत विष्णु नागा ने बांग्लादेश की में हिन्दूओं पर हो रहे अत्याचार के लिए वामपंथी और इस्लामी कट्टरपंथी समुदाय को जिम्मेदार ठहराते हुए एकजुट रहने की सलाह दी।सिंधी समाज के चंद्रप्रकाश खेतानी ने बांग्लादेश की घटनाओं पर दुःख प्रकट करते हुए वैश्विक संगठनों के रवैये पर चिंता जाहिर की। सिख समाज के सरदार जसवीर सिंह इस्कान संत की गिरफ्तारी को अलोकतान्त्रिक बताते हुए कहा वैश्विक संगठनों इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।गालव आश्रम के राघवेंद्र आचार्य इस्कान संत चिन्मय कृष्ण की रिहाई के लिए दुनिया भर में अभियान चलाने की बात कहते हुए कहा हमें यह भ्रम नहीं पालना चाहिए हम बहुसंख्यक है तो सुरक्षित हैं हम जहां बहुसंख्यक है वहां भी दुखी है।जनप्रतिनिधि गोपाल शर्मा ने बांग्लादेश की सरकार को बेनकाब करते हुए कहा सरकार का चेहरा भले ही उदारवादी हो लेकिन वास्तविकता में कमान जमात-ए-इस्लामिया और फौजी हुक्मरानों के हाथों में है। इसलिए हिन्दूओं पर अत्याचार नरसंहार की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। समय रहते बांग्लादेश को अपने तेवर बदल लेने चाहिए। इसी में उसकी भलाई है।

प्रदर्शन में वाल्मीकि समाज के सत्यनारायण डेनवालए गुर्जर समाज के देवनारायण गुर्जर, माली समाज के रोशन सैनी, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, मनीष दास महाराज, अमरनाथ महाराज, महंत राजेश दास ने भी संबोधित किया। सभी ने एकजुटता पर जोर देते हुए संगठित होने का आव्हान किया साथ ही केन्द्र सरकार से संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार परिषद में इस विषय को रखने और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने की सरकार से मांग की।मंच से राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और संयुक्त राष्ट्र महासचिव के नाम भेजे गए ज्ञापन को पढ़ा गया। ज्ञापन में बांग्लादेश में धार्मिक स्वतंत्रता आर हिन्दूओं की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है। प्रदर्शन समापन पर सामूहिक संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

# श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह का शानदार आयोजन

अप्रवासी भारतीय भामाशाहों व समाजसेवियों का भी योगदान

अजमेर। स्वामी हिरदाराम जी के प्रेरणा से ताराचंद हुंदलदास खानचंदानी सेवा संस्था श्री अमरापुर सेवा घर सिंधी समाज महासमिति और सांई बाबा मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में अप्रवासी भारतीय सुरेश रामनानी स्थानीय रामचन्द गुलाबानी महेश तेजवानी व अन्य भामाशाहों के सहयोग से रविवार को श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह सम्पन्न हुआ।





## बारात का जगह जगह पुष्पवर्षा से स्वागत

बारात की निकासी बैंड. बाजा शहनाई-ढोल के साथ सांई बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर गूजर वाड़ा, अजय नगर के मुख्य बाजार से 2 किलोमीटर घूम कर पुनरू सांई बाबा मंदिर पहुंची। बारात का मार्ग में सामाजिक धार्मिक व्यवसायिक संगठनों व समाज बंधुओं ने स्वागत द्वार व बैनर लगाकर तथा पुष्पवर्षा से स्वागत किया। मंदिर के मध्यम द्वार पर समाज व कन्या पक्ष की ओर से भव्य अगवानी की गई।

## अप्रवासी भारतीयों ने समारोह में लिया भाग

विदेशों से भी भामाशाह व अतिथि सम्मिलित हुए जिसमें सुरेश रामनानी निर्मला खानचंदानी, पुष्पा तेजवानी, अनिता परिवार सहित एक दर्जन अप्रवासी भारतीय विवाह में शामिल हुए। मेहमान देर रात्रि से आने शुरू हो गए। सर्दियों के मद्देनजर पूरा इंतजाम किया गया। सांई बाबा मंदिरए ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम व राजश्री पैलेस में बाहर से आए 500 मेहमानों का आवास रखा गया। शहर के स्थानीय 1500 गणमान्य महानुभावों ने शिरकत की। दादा रामचंद्र गुलाबानी परिवार की तरफ से सभी आमंत्रित बारातियों मेहमानों के लिए नाश्ता दोपहर भोजन व हाई टी की स्पेशल व्यवस्था की गई।

## देशभर के 10 युवक-युवती बंधे परिणय सूत्र में

समारोह सहसंयोजक हरी चन्दनानी ने बताया कि अजमेर के दिव्या शर्मा व भरत चेतनानीए खैरथल ;अलवर सिमरन रमानी व पिंकेश नागरानी, नसीराबाद, बालोतरा ;बाड़मेर, प्रिती छबलानी व सुनील कुमार वाधवानी, लाजवंती वाधवानी व जीतू छबलानी, मोनिका ख्यानी व जय राजवानी, बाड़मेर लाजवंती वाधवानी व जीतू छबलानी, जयपुर तरुणा कुमारी व मुकेश सोनी, पूजा सोनी व राजेश सोनी, केकड़ी ;अजमेर, चांदनी कपूर खत्री व राहुल खत्री, झालावाड़ सुमेरपुर तुलसी खेमानी व विशाल बोधवानी, फलना, पाली, व नई दिल्ली आशा चेलानी व धीरज मोरवानी के जोडें परिणय सूत्र में बंधे।

## नवदंपतियों को मिला संत महात्माओं का आशीर्वाद

आशीर्वाद समारोह में श्री शांतानन्द उदासीन आश्रम पुष्कर के महन्त हनुमानराम ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि स्वामी हिरदाराम जी कहते थे कि तन- मन व धन से सेवा करने वालों सेवाधारियों के घर में सुख समृद्धि होती है। आशीर्वाद समारोह में ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम के महन्त स्वरूपदास उदासीन ने कहा कि कन्यादान करना सर्वोत्तम सेवा कार्य है और समाज में ऐसे आयोजन करने से रीति रिवाज की जानकारी नई पीढ़ी को मिलती है। तुलसी किशनधाम के स्वामी ईसरदास, श्रीराम विश्वधाम के महन्त अर्जुनदास, निर्मलधाम के स्वामी आतमदास, प्रेम प्रकाश आश्रम वैशाली नगर के स्वामी रामप्रकाश, दादा नारायणदास, जतोई दरबार के भाई फतनदास, योगी गोरधननाथ के साथ संत महात्माओं भामाशाहों और परिवार जन ने भी आशीर्वाद प्रदान किया।

## 35 संस्थाओं के 200 से अधिक सदस्यों का योगदान

अजमेर की 35 पंचायतों, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक जुट होकर कन्यादान समारोह में विभिन्न समितियों के जरिए सेवाएं दी।

## विधि विधान से डिख का आयोजन

समारोह संयोजक कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह अजयनगर स्थित सांई बाबा मंदिर में आयोजित किया गयाए जिसमें 10 युवक-युवती विवाह सूत्र में बंधे। सिंध सारस्वत ब्राह्मण मंडल संस्थान के पदाधिकारीगण पं कन्हैया लाल तुलजराम शर्मा, पं कमल भारद्वाज कोडू राम शर्मा, पं श्याम सुन्दर नेणु राम शर्मा, पं विशाल घनश्याम शर्मा, पं ईं हरीश चंदरभान शर्मा की देखरेख में सामाजिक रस्मों के साथ मुख्य मंदिर में सांई बाबा की मूर्ति के समक्ष हॉल में विधि.विधान मंत्रोच्चार के साथ फेरे कराए गए। सभी रस्मों में आचार्य व पुरोहित राजू नत्थू राम शर्मा, संजय अशोक कुमार शर्मा, प्रकाश संजय शर्मा निखिल कमल कुमार भारद्वाज, गोपाल अशोक कुमार शर्मा माहिल विशाल शर्मा का सहयोग रहा।

कन्यादान में बढ़.चढ़ कर भामाशाह ने सहयोग किया। नवदंपतियों को सोने-चांदी सुख-सुविधा, वस्त्र, गृहस्थ व पूजन सामग्री के साथ समाज की ओर से 65 उपहार प्रदान किए गए।




## है जवानी तो इश्क होना है में वरुण धवन संग काम करेंगी पूजा हेगड़े

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़ेएवरुण धवन के साथ है जवानी तो इश्क होना है में काम करती नजर आएंगी। पूजा हेगड़े और वरुण धवन आधिकारिक तौर पर डेविड धवन की अगली फिल्म में साथ काम करने के लिए तैयार हैं जिसका संभावित नाम है जवानी तो इश्क होना है। इस घोषणा ने सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है और प्रशंसकों के बीच उत्साह को बढ़ा दिया है क्योंकि यह जोड़ी पहली बार स्क्रीन पर साथ काम कर रही है।अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पूजा ने वरुण के साथ एक कैंडिड पल शेयर कियाए तस्वीर के कैप्शन में लिखाए यह जोड़ी ब्रेड के सपने देख रही है चलो अपना अगला शेड्यूल पोस्ट करें पूजा हेगड़े जल्द ही हाई.ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर देवा में नज़र आएंगीए साथ ही वह दक्षिण भारतीय फिल्मों जैसे सूर्या 44 और थलपति 69 में भी नज़र आएंगी।

## दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी से मची अफ्रातफ्री

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी से घंटों अफ्रा.तफ्री की स्थिति रही।पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये धमकियां पश्चिम विहार के जीडी गोयनका स्कूल में करीब सुबह छह बजकर 15 मिनट पर और आर के पुरम के डीपीएस स्कूल में सुबह सात बजकर पांच मिनट पर फोन पर दी गई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस तत्काल पहुंच गई और जांच शुरू कर दी।

# जनवरी 2025 से महंगी हो जाएंगी कारें

नई दिल्ली। देश की अधिकांश वाहन निर्माता कंपनियां एक ओर जहां वर्ष के अंत में वाहनों को निकालने के लिए जबरदस्त ऑफरों की पेशकश कर रही है वहीं दूसरी ओर सामग्री लागत में हो रही बढ़ोतरी, कमोडिटी मूल्य निर्धारण में उतार.चढ़ाव, खर्चों में वृद्धि और बढ़ती महंगाई का हवाला देते हुए जनवरी 2025 से अपने वाहनों की कीमतें में वृद्धि करने का ऐलान किया है।यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने नए साल में कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। मारुति सुजुकी ने एक बयान जारी कर कहा कि उसके वाहनों की कीमतों में चार फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी। यात्री वाहन बनाने वाली दूसरी बड़ी कंपनी हुंडई मोटर ने भी अपने वाहनों की कीमत में वृद्धि की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि वह कीमतों में 25 हजार रुपए तक की बढ़ोतरी करेगी। हालांकि कोरियाई कार निर्माता ने एक निश्चित राशि या प्रतिशत नहीं बताया हैए जिसके द्वारा मूल्य निर्धारण में वृद्धि की जाएगी। हुंडई क्रेटा, एक्सटीरियर वेन्यू टक्सन और अल्काजर जैसी लोकप्रिय एसयूवी की कीमतें बढ़ेगी।महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा कि उसके उत्पादों की कीमतें में भी नए साल में तीन फीसदी तक बढ़ जाएगी। थारए एक्सयूवी 700 स्कॉर्पियोए एक्सयूवी 3एक्सओए एक्सयूवी 400 और नई.नवेली इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म कारों बीई 6 और एक्सईवी 9ई सहित अपनी एसयूवी के लिए प्रसिद्ध है।भारत में जेएसडब्ल्यू समूह के स्वामित्व वाली एमजी मोटर ने घोषणा की है कि वह नए साल में भी अपने उत्पादों की कीमतों में वृद्धि करेगी। कार निर्माता ने उल्लेख किया कि मॉडल के आधार पर मूल्य में तीन प्रतिशत से अधिक की वृद्धि नहीं होगी। कंपनी ने बढ़ती इनपुट लागत और अन्य बाहरी कारकों के कारण मूल्य निर्धारण में वृद्धि को महत्वपूर्ण बताया है।मर्सिडीज.बेंज और अन्य लक्जरी कार निर्माताओं ने भी घोषणा की है कि वे जनवरी 2025 से अपनी कारों को बढ़ी हुई कीमतों पर पेश करेंगी। मर्सिडीज बेंज ने घोषणा की है कि उसकी कारों की कीमत तीन प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। बीएमडब्ल्यू ने भी 2025 से तीन प्रतिशत तक की समान मूल्य वृद्धि की घोषणा की है। ऑडी इंडिया भी भारत में अपने पूरे पोर्टफोलियो के लिए तीन प्रतिशत तक की कीमत वृद्धि की घोषणा की है।



# TVS Motor Company Unveils The Next Gen TVS RT-XD4 Engine Platform: Scripts The Future

**The first in-house, designed, developed and engineered, performance-engine. New engine philosophy – built on Racing Throttle Response, Precision and an All-Range-Torque versatility. The TVS RT-XD4 300 will be first engine on the new platform.**

TVS Motor Company (TVSM) – a leading global automaker operating in the two and three-wheeler segment – unveiled its next-gen TVS RT-XD4 engine platform on Day 1 of TVS MotoSoul 4.0. The TVS RT-XD4 is a new, transformative innovation that takes inspiration from the company's racing heritage over decades. The platform delivers thrilling performance, unmatched refinement and precision, for a very comfortable ride.From L to R: Bernhard Heiming, CTO, TVS Motor Company; Vimal Sumbly, Head of Business – Premium, TVS Motor Company; and R. Babu, SVP, R&D, TVS Motor CompanyAnnouncing the new engine platform, Sudarshan Venu, Managing Director, TVS Motor Company, said, "The TVS RT-XD4 is a major milestone, the result of our focus on creating unique, compelling, TVS-kind of riding experience. Conceptualised, designed and developed in-house, at our R&D Centre in Hosur, the TVS RT-XD4 is a demonstration of our engineering and research capability. Over the last several years, TVSM has been setting benchmarks in riding excellence, made possible by decades of exposure to the race track, extensive user insights, ahead-of-the-curve investments, and robust tech and digital capability. We will continue to bring about mobility solutions that can transform the quality of life of people across the world."




The TVS RT-XD4 engine platform delivers racing thrill via 4 Dual Technologies:

1 Dual Overhead Cams with downdraft port that delivers high revs and superior peak performance 2. Dual oil pump with split chamber crankcase that delivers optimum lubrication and all-range torque.3. Dual cooling jacket cylinder head with water jacket on top and oil jacket below that further increases cooling, to increase performance output.4. Dual breather system that effectively prevents oil contamination and reduces oil consumption, for consistent performance over long duration.

The engine comes with other features for refined performance and rider comfort: 1. Plasma spray-coating 2.Superior thermal/heat management3. High inertia shell bearing crankshaft4. Helical gear driven balancer system5. This new-gen platform delivers high efficiency, while supporting ethanol-blended fuels, reduced emissions, and enhanced reliability.

# जयपुर के श्रीराधागोबिन्द देवजी मंदिर में बरस रही श्रीराम नाम की कृपा





जयपुर। श्रीराधागोबिन्द देवजी मंदिर के सत्संग भवन में 3 दिसंबर से चल रही हस्तलिखित श्रीराम नाम महामंत्रों की परिक्रमा के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहें हैं। इस प्रदक्षिणा यज्ञ में आहुतियां देने को अलसुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड पडता है। भक्तजन 15 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 5 बजे से शाम 7 बजे तक परिक्रमा कर सकेंगे। श्रीराम नाम धन संग्रह बैंक के संस्थापक पंडित बाल कृष्ण पुरोहित ने बताया कि बैंक के करीब 55 हजार संकल्पित खाताधारक सदस्यों की ओर से देशभर में अनवरत राम नाम लेखन जारी है। हस्तलिखित रामनाम महामंत्रों का संग्रह 109 अरब को पार कर चुका है। राम नाम रूपी इस संग्रहित धन को पुष्कर के समीप सुधाबाय में निर्माणाधीन श्रीरामनामालय में सुरक्षित तरीके से रखा जाता है।

## अजमेर के रेलवे अस्पताल में अब हिस्टीरोस्कॉपी की सुविधा



अजमेर। रेलवे अस्पताल में महिला रोगियों के लिए अत्याधुनिक उपकरण की सहायता से हिस्टीरोस्कॉपी की सुविधा शुरू हो गई है। यह सुविधा उपलब्ध होने से महिला रोगियों को गर्भाशय संबंधी जांचों और इलाज के लिए जयपुर या अन्य अस्पतालों में भेजने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस उपकरण के जरिए शनिवार को दो महिला रोगियों के गर्भाशय की जांच की गई तथा गर्भाशय के मुख्य द्वार पर स्थित जटिल गांठों को निकाला गया।ऑपरेशन निश्चेतना विशेषज्ञ डॉक्टर अजीत सिंह तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकिता सक्सेना ने किया। डीएस मीणा सहित अन्य ऑपरेशन थिएटर स्टाफ का सहयोग रहा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अरुण कुमार के निर्देशन में शुरू की गई इस सुविधा से रेलवे रोगियों को लाभ होगा।उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ तथा प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ पीसी मीणा ने नवीनीकृत आईसीयू तथा नवनिर्मित ओपीडी ब्लॉक का उद्घाटन किया था तथा अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए थे।

## हाईवे पर मिनी बस-ट्रेलर की भिड़ंत में 2 की मौत 20 घायल

जयपुर। राजस्थान में जोधपुर.जैसलमेर राष्ट्रीय राजमार्ग 125 पर एक मिनी बस और ट्रेलर की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई तथा 20 से अधिक घायल हो गए।पुलिस ने बताया कि मिनी बस में सवार सभी लोग आशापुरा माताजी के दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान रविवार रात्रि आठ बजे बालेसर क्षेत्र में सामने आ रहे ट्रेलर से मिनी बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई तथा 20 से अधिक घायल हो गये।

**मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना**

## तिरूपति बालाजी तीर्थ यात्रा पर अजमेर संभाग के 293 यात्री ट्रेन से रवाना



अजमेर। मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत तिरूपति बालाजी की ट्रेन रविवार को 780 यात्रियों को लेकर अजमेर स्टेशन से आगे के लिए रवाना हुई। इस ट्रेन में अजमेर संभाग के 293 यात्री शामिल हैं। केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी व विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी अजमेर स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।स्टेशन पर मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की ट्रेन को रवाना करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराना एक पुनीत कार्य है। राज्य सरकार इसके लिए बधाई दी जानी चाहिए। सरकार ने प्रदेश के 30000 वरिष्ठ नागरिकों को ट्रेन से एवं 6000 वरिष्ठ नागरिकों को हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा कराने का निर्णय लिया है। यह निर्णय स्वागत योग्य है प्रत्येक व्यक्ति का स्वप्न होता है कि वे अपने ईष्ट के स्थान पर तीर्थ यात्रा के लिए जाए। सरकार उनका यह स्वप्न पूरा कर रही है। उन्होंने देवस्थान विभाग को इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि यह यात्रा सभी के लिए मंगलमय होगी।केन्द्रीय मंत्री चौधरी ने कहा कि सनातन धर्म में तीर्थयात्रा का विशेष महत्व है। प्रत्येक सनातनी अपने जीवन में निरन्तर तीर्थ यात्राओं पर जाता है। एक उम्र के बाद व्यक्ति ईश्वर की भक्ति में जुड़कर तीर्थाटन करता है। राज्य सरकार आमजन का यह स्वप्न पूरा कर रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और राज्य सरकार बधाई के पात्र है। देवस्थान विभाग को यात्रा के दौरान बुजुर्ग यात्रियों की सुविधा एवं स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना चाहिए। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गिरीश बच्चानी ने बताया कि राजस्थान सरकार देवस्थान विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना.2024 के अन्तर्गत रविवार को तिरुपति की विशेष ट्रेन अजमेर रेलवे स्टेशन से रवाना की गई। इस ट्रेन के अन्तर्गत कुल 780 यात्रियों को तिरुपति की तीर्थ यात्रा पर भेजा गया। इसमें अजमेर रेलवे स्टेशन से अजमेर संभाग के 293 मारवाड़ जंक्शन से 213 एवं जवाई बांध से 274 यात्रियों को तिरुपति के लिए रवाना किया गया। यह छह दिवसीय यात्रा है। इसकी समस्त व्यवस्थाएं देवस्थान विभाग द्वारा आईआरसीटीसी के माध्यम से कराई जाती है एवं यात्रियों को भोजन आवास एवं अन्य समस्त सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती है।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID

sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

## किशनगढ़ फायरिंग में व्यक्ति की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी अरेस्ट

अजमेर। अजमेर जिले के किशनगढ़ उपखंड के रूपनगढ़ थाना क्षेत्र में जमीन पर कब्जे को लेकर गोलियां चलाकर एक व्यक्ति की हत्या करने वाला मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

अजमेर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने सोमवार को बताया कि 22 सितम्बर को रूपनगढ़ में जमीन पर कब्जे की नीयत से गोलियां चला करके एक व्यक्ति की हत्या करने वाले कुख्यात अपराधी वल्भाराम जाट निवासी हरमाड़ा थाना बांदरसिंदरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि इस मामले में 26 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका हैए इसके अलावा दो नाबालिग भी निरूद्ध हैं। पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिलाया कि हत्या के मामले के बाकी आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)